प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

26.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## वीर बाल दिवस

आज वीर बाल दिवस है। वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के साहस और बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रव्यापी उत्सव वीर बाल दिवस में भाग लेंगे। देश के भावी निर्माता के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज कर्नाटक में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में शिरकत करेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस बैठक में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री का 28 दिसंबर को नई दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने का भी कार्यक्रम है और वे इस दौरान प्रदेशहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू केंद्र सरकार से जी एस टी से जुड़े मुद्दे भी उठाएंगे और आगामी बजट सत्र को लेकर भी चर्चा करेंगे।

## कार्निवॉल

राजधानी शिमला में इन दिनों विंटर कार्निवॉल की धूम है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों का स्थानीय लोगों सहित पर्यटक खूब लुत्फ उठा रहे हैं।

**अधिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता की ये रिपोर्ट।**

डिस्पेच

जहां एक ओर प्रदेश से बाहरी राज्यों के कलाकार दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं वहीं हिमाचली कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यटकों को भी

हिमाचली संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिल रहा है। अब तक आयोजित दो सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटकों का जोश देखते ही बन रहा था। इस दौरान खचाखच भरे रिज मैदान पर पर्यटक खूब झूमते नजर आए। दस दिनों तक चलने वाले इस कार्निवॉल में वाइस ऑफ शिमला, मिस कार्निवॉल, राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता के अलावा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। पिछले कल से मौसम के साफ रहने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली है। बर्फबारी के बाद प्रदेश के पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। कुल्लू जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों में पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ है। हमारे कुल्लू संवाददाता ने बताया कि बर्फबारी के बाद पर्यटक काफी प्रसन्न हैं।

बाइट....आशीष शर्मा, कुल्लू

इस बीच मौसम विभाग ने 27 से 29 दिसंबर तक प्रदेश में एक बार फिर वर्षा व हिमपात की संभावना जताई है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...........**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। शिमला में ईडी के दफतर पर सी बी आई की दबिश संबधी खबर को **अमर उजाला, हिमाचल दस्तक, दिव्य हिमाचल और दैनिक भास्कर ने अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।**

**पंजाब केसरी** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है **केंद्र ने जी एस टी मुआवजे को किया कम, कर्ज लेने की सीमा भी घटाई।**

**मौसम पर आपका फैसला लिखता है हिमाचल में बर्फबारी के कारण 100 से अधिक सड़कें अवरूद्ध।**

**कैंसर से लड़ने के लिए हिमाचल तैयार दैनिक जागरण की एक खबर।**